# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 14 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना ककोड़**

## हत्या की घटना मे वांछित बदमाश के साथ थाना ककोड़ पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व आलाकत्ल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 13/14.10.2025 को थाना ककोड़ पुलिस दनकौर रोड झाझर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुअसं- 377/25 धारा 103(1) बीएनएस का वांछित आरोपी खण्डरनुमा कोठरी में छिपा हुआ है। इस सूचना पर थाना ककोड़ पुलिस कोठरी के पास पहुंची तो 01 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसको पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान कृष्ण पुत्र ज्ञानचन्द्र उर्फ ज्ञानी निवासी ग्राम अलौदा जागीर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व आलाकत्ल बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.10.2025 को घायल बदमाश कृष्ण द्वारा अपने साथी सागर के साथ मिलकर थाना ककोड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आलौदा जागीर के बाहर श्मशान घाट के पास एक व्यक्ति की हत्या करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना ककोड़ पर मुअसं- 377/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत है। जिसमे अभियुक्त वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. कृष्ण पुत्र ज्ञानचन्द्र उर्फ ज्ञानी निवासी ग्राम अलौदा जागीर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1- 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस
2- आलाकत्ल(पेंचकस)
3- घटना के समय पहने हुए अभियुक्त के कपड़े।

**गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 377/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 97/22 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना ककोड़ पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री कवीश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़।
2- उ0नि0 अजीत कुमार, उ0नि0 अनिल कुमार, उ0नि0 संदीप कुमार, उ0नि0 अंकुश, उ0नि0 मुनेन्द्र
3- का0 जयन्ती, का0 तेजप्रताप, का0 हरजीत।










मीडिया सेल बुलंदशहर